हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.8 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

11 सुकन्या सुरक्षा के कार्य 31 दिसंबर तक पूरे करना ...



12 शहर में जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो ...



## शहर में आज

- विशाल भंडारा प्रातः 11 बजे महावीर लाइब्रेरी केनाल रेस्ट हाऊस के सामने।
- स्व. सुशीलादेवी जैन की पुण्य तिथि व पर निःशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह प्रातः 11.30 बजे सैक्टर-4 में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर बाबू मिट्ठन लाल गिरिश गुप्ता सहारा आश्रम में।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

## खबर संक्षेप

### राधा स्वामी सत्संग और भंडारे का आयोजन कल

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग दिनोद की रोहतक शाखा में 4 दिसंबर (वीरवार) को सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संत हुजूर कंवर साहेब महाराज वहां रूहानी सत्संग बख्शेंगे। जिला शाखा के मुख्य सेवादार राजू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में संत हुजूर कंवर साहेब महाराज समस्त साध संगत को दर्शन व सत्संग फरमाते हैं। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। नामदान लेने के इच्छुक भाई बहन सत्संग के बाद नामदान भी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि राधा स्वामी सत्संग दिनोद की 52 से अधिक शाखाएं देश तथा विदेश में फैली हुई हैं। इन्हीं में से रोहतक शाखा में हुजूर महाराज विगत 28 वर्षों से सत्संग फरमाते आ रहे हैं।

### अवैध शराब बेचने के आरोप में युवक काबू

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि पुलिस टीम जनता कॉलोनी के पास गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक किराये के मकान के गेट के पास अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से एक युवक को काबू किया, जिसकी पहचान नीरज उर्फ शिवा पुत्र मोहन लाल, निवासी जनता कॉलोनी के रूप में हुई। नियमित प्रक्रिया के तहत तलाशी लेने पर मौके से अलग–अलग ब्रांड की 56 बोतल व 15 अध्धे बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### मदविः दीक्षांत समारोह के रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाई



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने 19वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आखिरी तिथि 10 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। दीक्षांत समारोह की सटीक तारीख और समय विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर शीघ्र घोषित किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, मई/जून 2025 की परीक्षाओं में फुल कैटेगरी में उत्तीर्ण हुए यूटीडी, एमडीयू और सीपीएएस-गुरुग्राम के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने के पात्र होंगे।

## डी पार्क पर भरे बाजार लगी कार में आग



### रहें अलर्ट : कार चालक ने कूदकर जान बचाई, फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले गाड़ी राख

**रोहतक।** मॉडल टाउन स्थित डी पार्क के पास मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब इनेलो नेता की चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना उस समय हुई जब इनेलो नेता पंकज अपने दोस्त देवेंद्र की क्विड कार लेकर बाजार की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार डी पार्क के पास पहुंची, अचानक बोनट से धुआं उठने लगा। धुआं बढ़ता देख पंकज ने तुरंत कार को चौक पर रोका और बाहर निकल आए। आसपास मौजूद लोगों ने भी स्थिति देखते ही सतर्कता बरतते हुए दूरी बना ली, वहीं पास की दुकानों के दुकानदारों ने सुरक्षा के मद्देनजर शटर बंद कर दिए। पंकज ने बताया कि धुआं निकलते ही उन्होंने कार को रोक दिया, लेकिन कुछ ही क्षण बाद कार का पूरा सिस्टम ठप हो गया। लाइटें बार-बार ऑन-ऑफ होने लगीं। एक पुलिसकर्मी की मदद से उन्होंने कार को चौराहे से थोड़ा आगे धक्का लगाकर साइड में खड़ा किया। इसके तुरंत बाद कार के नीचे से चिंगारियां उठीं और आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले गई और कुछ ही मिनटों में पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया।

#### देर से पहुंचीं फायर ब्रिगेड की टीम

आग लगने की सूचना राहगीरों द्वारा फायर ब्रिगेड और पुलिस दोनों को दी गई, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक काफी देर तक कोई भी टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस बीच आग से कार पूरी तरह जलकर राख में तब्दील हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम हादसे के काफी देर बाद पहुंची, तब तक कार को बचाने की कोई संभावना नहीं बची थी। स्थानीय लोगों में भी फायर ब्रिगेड की देरी को लेकर नाराजगी देखी गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण बताया जा रहा है।

#### गाड़ी के मालिक की शिकायत पर केस दर्ज

सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाने में फायर ब्रिगेड की मदद की। सिविल लाइन थाना एसएचओ, एसआई अंकिता ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने गाड़ी के मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल घटना के तकनीकी पहलुओं और आग लगने के सही कारणों की जांच जारी है।

## सख्ती : डेयरियों को कन्हेली शिफ्ट करने के लिए चलेगा अभियान

# निगम ने डेयरियों पर कसा शिकंजा, 32 हजार के चालान

सात डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, अभियान रहेगा जारी

*निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देश पर निगम टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए चालान किए और सभी संचालकों को कड़ी चेतावनी जारी की, जल्द डेयरियों को कन्हेली शिफ्ट किया जाए।*



*शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निगम की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को विभिन्न डेयरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई डेयरियों में स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों की अनदेखी, कचरे के गलत निस्तारण और गोबर को नालों व सीवर में बहाने जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देश पर निगम टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कुल सात डेयरियों के 32 हजार रुपये के चालान किए और सभी संचालकों को कड़ी चेतावनी जारी की। इस दौरान स्पष्ट आदेश जारी किए गए कि जल्द से जल्द डेयरियों को कन्हेली शिफ्ट किया जाए। निगम की टीम ने कई बार डेयरी संचालकों को नोटिस थमा कर चालान किए हैं।



**रोहतक।** डेयरी संचालक का चालान काटते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

#### नहीं माने तो सील होंगी डेयरियांः आयुक्त

निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिले उल्लंघनों को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी डेयरी संचालक द्वारा गोबर या गंदा पानी सीवर या नालों में बहाया गया, तो संबंधित डेयरी को तुरंत सील कर दिया जाएगा। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और निगम नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलीं

निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई डेयरियों के आसपास अत्यधिक गंदगी फैली हुई थी। गोबर और अन्य अपशिष्ट पदार्थ निर्धारित स्थान पर संग्रहीत नहीं किए जा रहे थे, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा था। कई स्थानों पर अपशिष्ट जल को बिना किसी प्रक्रिया के सीधे नालों में छोड़ा जा रहा था, जो स्वच्छता मानकों के सख्त खिलाफ है और शहर की सीवर लाइन पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

#### डेयरी संचालकों को आसपास सफाई रखना जरूरी

सभी डेयरी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने परिसर और आसपास के क्षेत्र में पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करें। गोबर और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करें, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि डेयरियों के बाहर गंदगी फैलाना, खुले में कचरा फेंकना और अपशिष्ट जल को बिना उपचार के छोड़ना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि पर्यावरणीय नुकसान भी पहुंचाता है।

#### स्वच्छता के लिए अभियान रहेगा जारी

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे। निरीक्षण टीम नियमित रूप से डेयरियों, मार्केट क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों की जांच करती रहेगी। उल्लंघन पाए जाने पर चालान, जुर्माना और आवश्यकतानुसार सीलिंग जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगम ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी तरह की गंदगी या अनियमितता की जानकारी निगम को तुरंत दें।

### चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार



रोहतक। सेक्टर-2 स्थित एक घर में हुई चोरी की वारदात को पुलिस ने सुलझाते हुए मामले में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि पूरी होने पर आज उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। थाना अर्बन एस्टेट के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि सेक्टर-2 निवासी कपिश की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच में सामने आया कि 12 अगस्त 2025 को कपिश के घर से सोने के आभूषण और करीब 12 हजार रुपये चोरी हुए थे। मामले की जांच पीएसआई सीमंत द्वारा की गई। जांच के दौरान 30 नवंबर को आरोपी केशव निवासी पटेल नगर को गिरफ्तार किया गया।



### नील गाय सामने आने से पलटा ट्रक

सांपला। कस्बे के पास नील गाय सामने से आने से हादसा हो गया। एक ट्रक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक नम्बर एचआर 39एफ 6600 नील गाय को बचाने के चक्कर में एनएच 9 नजदीक पोलटेक्निक सांपला के पास पलट गया। हादसे की वजह से सामान सड़क पर फैल गया और कई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

### लाढ़ोत-मकड़ौली मार्ग पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों में रोष

**रोहतक।** शास्त्री नगर कॉलोनी से गांव लाढ़ोत और मकड़ौली की तरफ जाने वाले मुख्य कच्चे रास्ते पर एक कंपनी द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया। लोगों ने नगर निगम कमिश्नर डॉ. आनंद कुमार को ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटवाने की मांग की। लाढ़ोत रोड निवासी ईश्वर सिंह ने बताया कि लाढ़ोत से मकड़ौली तक जाने वाला यह पुराना कच्चा रास्ता काफी चौड़ा है, जिसे बुजुर्गों ने सार्वजनिक मार्ग के रूप में छोड़ा था। लेकिन कुछ लोग अब इस रास्ते में 20 से 25 फुट तक पिलर डालकर दीवार खड़ी करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रास्ते को घेरकर ग्रामीणों को परेशान करना गलत है।

## नैक मान्यता को लेकर भ्रांतियों पर विवि ने लिया संज्ञान

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने हाल ही में नैक (एनएएसी) मान्यता को लेकर सामने आए भ्रामक तथ्यों पर गंभीर संज्ञान लिया है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों, कर्मचारियों तथा अन्य सभी हितधारकों के व्यापक हित में वास्तविक और प्रमाणिक स्थिति को शांत, स्पष्ट और पारदर्शी ढंग से सार्वजनिक करना अपना कर्तव्य समझता है। यह विश्वविद्यालय समुदाय के लिए गर्व का विषय है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय को राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय रैंकिंग में 43वां स्थान प्राप्त हुआ है। पिछले पांच वर्षों से अधिक समय तक एमडीयू हरियाणा का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय रहा है, जो एनआईआरएफ की ओवरऑल/स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटीज श्रेणी में देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में निरंतर स्थान प्राप्त करता आ रहा है। देश में 1,100 से अधिक विश्वविद्यालयों के बीच यह निरंतर प्रदर्शन एमडीयू की शैक्षणिक गुणवत्ता, मजबूत शोध संस्कृति और उत्कृष्ट प्रशासनिक मानकों का स्पष्ट प्रमाण है।

## मदवि में ग्राम सारथी जागरूकता अभियान

# विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी

महिला शिक्षा, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक विचार साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम में वक्ता प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा, डीन प्रो. जितेंद्र कुमार व अन्य प्रोफेसर।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। ग्राम सारथी जागरूकता और पंजीकरण अभियान का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. माधुरी हुड्डा द्वारा स्वागत भाषण से की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को संवेदनशीलता, नेतृत्व और समाज सेवा से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान ने कहा कि जहां सैद्धांतिक ज्ञान आवश्यक है, वहीं व्यावहारिक ज्ञान और समाज में वास्तविक योगदान ही छात्रों के सर्वांगीण विकास की पहचान है। उन्होंने महिला शिक्षा, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक विचार साझा किए। डॉ. करमवीर श्योकंद, डिप्टी डायरेक्टर (यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम) ने कार्यक्रम की रूपरेखा व लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम सारथी पहल छात्रों को गांवों की वास्तविक समस्याओं और सामाजिक स्थिति को समझने का अवसर प्रदान करती है।

## बदलते मौसम में सावधान रहें, गर्म पेय पदार्थों का सेवन, पौष्टिक एवं ताजा भोजन के साथ व्यायाम भी करें

# यमुनानगर के बाद रोहतक में ठंड सबसे ज्यादा, अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 और न्यूनतम 2.8 डिग्री सेल्सियस कम

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

दिसंबर शुरू हो गया है। ऐसे में अब हम कड़ाके की सर्दी सहने के लिए तैयार रहें। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में नित कमी दर्ज हो रही है। मंगलवार को रोहतक का दिन का तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में यमुनानगर के बाद रोहतक सबसे ठंडा रहा। यमुनानगर का अधिकतम पारा 20.4 डिग्री रहा। बीते 24 घंटे में रोहतक के न्यूनतम तापमान में 2.2 की गिरावट होकर ये 6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। इस समय रोहतक में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 और न्यूनतम 2.8 डिग्री सेल्सियस से कम चल रहा है। अगर अब वातावरण में नमी बढ़ेगी तो फिर जल्द ही प्रदेश में धुंध का दौर भी शुरू होगा। मौसम में जिस तरह से परिवर्तन हो रहा है,उससे ऐसा लगता है कि इस बार कड़ाके की ठंड अन्य वर्षों की अपेक्षा जल्द प्रारंभ हो सकती है। आमतौर पर मध्य दिसंबर में ही जाड़ा अपना असली रूप दिखाना शुरू करता है। कई बार तो हाड़ कम्पकपाने वाली ठंड दिसंबर के अंतिम सप्ताह में गिरनी शुरू होती है। हिसार में न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है।



#### बीमारियों से रहें सावधान

ठंड के बदलते मौसम में सावधान रहें। क्योंकि यह बीमारियां जैसे सर्दी-जुकाम, फ्लू और जोड़ों के दर्द को बढ़ा सकता है। इससे बचने के लिए गर्म कपड़े पहनें। गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें, पौष्टिक और ताजा भोजन करें और व्यायाम करें। खाने में में अदरक, गुनगुना पानी, मसाले, मिलेट्स, घी और सूखे मेवों का सेवन किया जा सकता है। इससे शरीर को गर्मी मिलती है। इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। और व्यक्ति के बीमार होने की आशंका कम हो जाती है। साथ ही, अगर संभव हो तो प्रदूषण से बचें।

#### गेहूं बिजाई तुरंत पूरी करें

प्रदेश में गेहूं की अगेती किस्मों की बिजाई नवंबर की शुरुआत प्रारंभ होती है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने रोहतक जिले में इस बार 1 लाख 10 हजार हेक्टेयर में गेहूं बिजाई का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग के मुताबिक 70-80 प्रतिशत बिजाई इस समय तक की जा चुकी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जितना जल्द हो सके,अब गेहूं बिजाई का कार्य किसानों ने पूरा कर लेना चाहिए। क्योंकि अब जितनी देरी होगी, उतना ही पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लेट बिजाई करने पर फसल को पकाई के लिए पूरा समय नहीं मिल पाता है। जिससे पैदावार कम होने की आशंका बनी रहती है। अगर गर्मी की शुरुआत जल्दी हो जाती है तो पछेती किस्मों से उत्पादन काफी कम होता है। इस समय पछेती किस्मों की ही बिजाई किसान कर रहे हैं। क्योंकि अगेती का समय बीत चुका है।

#### साल 2024 के नवंबर माह 10 दिन का पारा

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 22 | 25 | 12 |
| 23 | 26 | 13 |
| 24 | 27 | 14 |
| 25 | 25 | 15 |
| 26 | 24 | 13 |
| 27 | 25 | 23 |
| 28 | 25 | 11 |
| 29 | 24 | 11 |
| 30 | 24 | 11 |
| 1 दिसंबर | 24 | 13 |

2025 के नवंबर में तापमान

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 22 नवंबर | 24 | 13 |
| 23 | 25 | 11 |
| 24 | 23 | 11 |
| 25 | 22 | 11 |
| 26 | 22 | 09 |
| 27 | 24 | 10 |
| 28 | 23 | 10 |
| 29 | 24 | 11 |
| 30 | 23 | 10 |
| 1 दिसंबर | 22 | 08 |

## रोडवेज कर्मचारी तालमेल समिति की बैठक

# वर्कर्स यूनियन 'एसकेएस' को कमेटी से बाहर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी रोहतक डिपो की महाप्रबंधक द्वारा बुलाई गई बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान जयभगवान कादयान ने की। इस बैठक में राज्य कमेटी की ओर से वरिष्ठ सदस्य जगदीप लाठर, सुमेर सिवाच, ओम डाबोधा, दिनेश हुड्डा, अमित महराणा सहित रोहतक डिपो तालमेल कमेटी के सभी प्रधानों जोगेन्द्र ढुल, सुरेश नहरा, सुमेश कुण्डू, संदीप सिंघवा, राजेश मायना, मनजीत कारोड़, संदीप खोखर और नरेश सिवाच ने भाग लिया। 24 सितंबर को दिए गए मांग पत्र पर महाप्रबंधक के साथ बातचीत चल रही थी और कई मुद्दों पर सहमति बनने लगी थी। इसी दौरान हरियाणा रोडवेज वर्क्स यूनियन (एसकेएस) से संबंधित राज्य महासचिव सुमेर सिवाच और डिपो प्रधान नरेश सिवाच पर आरोप लगे कि वे कर्मचारियों की मांगों को उठाने के बजाय लंबे समय से विशेष ड्यूटी पर बैठे उन कर्मचारियों का पक्ष ले रहे थे, जो मार्ग पर चलने वाले कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। यूनियनों ने कड़ा विरोध किया और बैठक से बहिष्कार कर दिया। तालमेल कमेटी ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन को कमेटी से बाहर किया जाता है।



**रोहतक।** मीटिंग करते रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के सदस्य।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

लाइफ Style

# एला

## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट


एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्र्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।




# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

# खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** जवाहर नवोदय विद्यालय, भिवानी के विद्यार्थियों के एक दल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट की विजिट की, जहां उन्हें उच्च शिक्षा और करियर संभावनाओं से रूबरू कराया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए इन बच्चों के लिए यह शैक्षणिक भ्रमण प्रेरणा और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला साबित हुआ। होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आईएचटीएम) में निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रो. संदीप मलिक और डॉ. अनूप कुमार ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों, वैश्विक संभावनाओं और कौशल आधारित शिक्षा की महत्ता समझाई।

## रेडक्रॉस में पांच दिसंबर को लगेगा कैंप

**झज्जर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अनक्लेम्ड डिपॉजिट अवेयरनेस अभियान के अंतर्गत जिला में भी लोगों को जागरूक करने के लिए आगामी पांच दिसंबर को रेडक्रॉस भवन में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उन खातों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिनमें जमा धनराशि दस वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी है और जिसे खाता धारक या उनके परिवार के सदस्य अब भी दावा कर सकते हैं। एलडीएम विजय सिंह ने बताया कि देशभर में बैंकों द्वारा ऐसे खातों में जमा राशि को वापस दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नागरिक अपनी पूंजी का पुनः लाभ उठा सकें।

## डीघल गांव में लीगल सर्विस कैंप छह दिसंबर को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डीघल गांव में आगामी छह दिसंबर को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित मामले सुने जाएंगे। कैंप में संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा व मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा बिजली-पानी, राजस्व विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, समाज कल्याण, रोजगार, शिक्षा, फूड एंड सप्लाई आदि करीब 20 विभागों से जुड़े विषयों पर सुनवाई की जाएगी।

## जिलाधीश ने परीक्षा केंद्रों पर लागू की धारा 163

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने एमडीयू रोहतक द्वारा जिले में आयोजित की जाने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश परीक्षा अवधि के दौरान सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक तथा दो बजे से सायं पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासी, लाठी, बरखा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू या अन्य किसी भी प्रकार के हथियार लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा।

# मिशन बुनियाद में दाखिला लेने वाले बच्चों का भविष्य उज्ज्वल: जितेंद्र मलिक

■ लाखन माजरा के सरकारी स्कूल में मिशन बुनियाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

लाखनमाजरा गांव के मॉडल संस्कृति स्कूल में मिशन बुनियाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने कहा कि मिशन बुनियाद व सुपर 100 में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाने के प्रयास किए जायें ताकि इन गरीब विद्यार्थियों के लिए भी सफलता के द्वार खुल जाएं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र मलिक ने कहा कि मिशन बुनियाद में दाखिला लेने वाले बच्चों का भविष्य उज्ज्वल है। मिशन बुनियाद में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने भी विचार सांझा किए। विकल्प प्रतिनिधि प्रीति और एसीआई सविता ने गौरवशाली वर्ष 2025 की सालाना प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की व आगामी वर्ष की परीक्षा की समय सारणी साझा की।

### बीईओ ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

बीईओ साधना ने मिशन बुनियाद में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बताया कि प्रदेश में सुपर-100 शुरू होने से अब तक आईआईटी में इस मिशन के तहत 100 दाखिले हो चुके हैं। महम के एसडीएम मुकुंद तंवर ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद और सुपर 100 प्रोग्राम से आईआईटी, एनआईटी, एम्स और एनडीए में दाखिला लेने का बेहद सुगम व सरल मार्ग है। अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, बीईओ साधना, विकल्प फाउंडेशन प्रतिनिधि प्रीति गुलिया, कम्युनिकेशन मैनेजर अतिंद्र, मीडिया टीम से हर्ष, अमित कुमार, प्राचार्य सविता, राकेश दलाल, राजकीय कन्या स्कूल की प्राचार्या सुशीला, सुंदरपुर राजकीय विद्यालय की प्राचार्या पूर्णिमा ने कार्यक्रम में शिरकत की।



**महम।** मिशन बुनियाद कार्यक्रम के दौरान छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## सचिवालय में जिला स्वास्थ्य समीक्षा बैठक में चिकित्सकों को निर्देश

# सुकन्या सुरक्षा के कार्य 31 दिसंबर तक पूरे करना आवश्यक : डीसी

समीक्षा बैठक में मिशन सुकन्या सुरक्षा के सुदृढ़ क्रियान्वयन पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मंगलवार को सचिवालय में जिला स्वास्थ्य समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मिशन सुकन्या सुरक्षा के सुदृढ़ क्रियान्वयन पर जोर दिया। मिशन सुकन्या सुरक्षा बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ के तहत जिला का आईडी आधारित प्रेग्नेंसी ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म है। उन्होंने कहा कि मिशन सुकन्या सुरक्षा जिला स्वास्थ्य निगरानी की रीढ़ के रूप में कार्य करेगा, जिसे मजबूत डिजिटल सिस्टम, व्यापक एनसीडी स्क्रीनिंग और बेहतर ब्लॉक-स्तरीय उत्तरदायित्व से समर्थन मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण किए जाएं। खंड अनुसार सुधार योजनाएं पांच दिनों में जमा की जाएं। पिछड़ते ब्लॉकों की पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य, आईसीडीएस, शिक्षा, पीएचईडी, शहरी स्थानीय निकाय तथा साझीदार संस्थानों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, उप सिविल सर्जन डॉ. डिम्पल, राजवीर सभ्रवाल, डॉ. सुनीता धानिया, डॉ. सत्यवीर, डॉ. सुशीला गोदारा, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. संजीव मलिक, डॉ. प्रतिभा, डॉ. आरके जैन, डॉ. विश्वजीत राठी, डॉ. नवदीप दांगी, डॉ. रेनू कंबोज, डॉ. शिवानी, डॉ. विनिता, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, सीडीपीओ राजकला, शालिनी, स्नेहलता, डिंपल, मंजू यादव, सुपरवाइजर, नैंसी सहित कार्यालय सहायक सीमा, जिला महिला संरक्षण अधिकारी करमेंद्र कौर, सुरेश भारद्वाज, जिला समन्वयक निहारिका, अधीक्षक उर्मिला देवी, संतोष सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता ।

### मिशन सुकन्या सुरक्षा पर की चर्चा

डीसी ने कहा कि मिशन सुकन्या सुरक्षा जिला की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है, जिसके तहत पहली अल्ट्रासाउंड से शुरू होकर हर गर्भावस्था एक यूनिक प्रेगनेंसी आईडी से जुड़ती है और परिणाम दर्ज होने तक ट्रेक की जाती है, चाहे परिणाम जीवित जन्म, मृतजन्म, गर्भपात, वैध एमटीपी या रेफरल हो।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्टं निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी सरकारी या निजी केंद्र में आईडी बनाए बिना अल्ट्रासाउंड किसी भी स्थिति में नहीं किया जा सकता है। यदि डिजिटल ट्रेल में कहीं रुकावट आती है तो 48 घंटे के भीतर जांच अनिवार्य है। स्वचालित जोखिम अलर्ट, ट्रैफिक-लाइट कोडिंग और लाइव डैशबोर्ड अब प्रणाली के मुख्य आधार हैं, जिससे 'साइलेंट प्रेग्नेंसी' बिल्कुल शून्य हो और किसी भी अनियमित प्रवृत्ति का समय रहते पता चल सके।

### सिविल सर्जन को निर्देश दिए

सचिन गुप्ता ने गत 4 नवंबर की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान कहा कि मानव संसाधन तर्कसंगतीकरण योजना में आंशिक प्रगति हुई है। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि 10 दिसंबर तक प्रथम पुनर्वितरण योजना पूरी करें, जिसके तहत 8-10 कर्मचारियों को अधिशेष से घाटे वाले ब्लॉकों में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 सब-सेंटर और 2 पीएचसी में मरम्मत कार्य प्रगति पर है, जिनमें से सात पूरे हो चुके हैं। सभी संस्थान 31 दिसंबर तक पूर्ण रूप से क्रियाशील हों। चार पीएचसी के लंबित कायाकल्प ऑडिट भी माह के अंत तक पूरे हों। दो सब-सेंटरों में पर्याप्त जल आपूर्ति को 10 दिसंबर तक सुनिश्चित किया जाए। पांच केंद्रों में उपकरण मरम्मत कार्य 'वेंडर एक्शन' लंबित है, जिसे तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि 15 दिसंबर से सभी ओपीडी/आईपीडी प्रविष्टियों में आभा जनरेशन अनिवार्य होगा। एएनएम और आशा कार्यकर्ता का 20 दिसंबर तक एबीडीएम रीफ़्रेशर प्रशिक्षण पूरा करें।



### श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज में डॉ. मंगल सैन निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में डॉ. मंगल सैन निर्वाण दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्यों, प्राचार्य तथा वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा डॉ. मंगल सैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने उपस्थित अतिथियों का औपचारिक स्वागत करते हुए डॉ. मंगल सैन के जीवन, कार्यों एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मंगल सैन भारतीय शिक्षा और सामाजिक उत्थान के प्रतीक रहे हैं, जिनकी प्रेरणा आज भी संस्थान के लिए मार्गदर्शक है।



### आर्य समाज ही हिंदू धर्म को उठाने और जगाने में सक्षम

**रोहतक।** कलयुग के इस दौर में अपने धर्म के प्रति सो रहे हिंदू धर्म को उठाने और जागने में अगर कोई सक्षम है तो वह सिर्फ आर्य समाज है। यह विचार अमेरिका से आए प्रख्यात विद्वान डॉ अमरजीत शास्त्री ने आर्य समाज मंदिर में आयोजित साप्ताहिक सत्संग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने लिखा है कि आर्य समाज जब दौड़ता है तो हिंदू धर्म चलता है और जब आर्य समाज चलता है तो हिंदू खड़ा हो जाता है और जिस दिन आर्य समाज खड़ा हो गया उस दिन हिंदू बैठ जाएगा उस दिन कोई भी धर्म और संप्रदाय उसे उठाने नहीं आएगा सिर्फ उसे उठाने में आर्य समाज ही सक्षम है।

# एचडी स्कूल खेड़ी में हुई खेलकूद प्रतियोगिता रस्साकशी में जैस्मिन हाउस ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में 25वीं एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेलों में सभी खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता व उपप्राचार्या इंदु नहरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मुख्य आकर्षण का केन्द्र सीनियर वर्ग में 100मीटर दौड़, 200मीटर दौड़, रिले रेस, 800मीटर दौड़, लंबी कूद, थ्री लैंग रेस, रस्साकसी, जूनियर विंग में बैलेंस दा बॉल, खरगोश रेस, पेस्टिंग एप्पल ऑन ट्री, बटरफ्लाई एंड फ्लावर, चेयर हर्डल इत्यादि रहे। 800 मीटर दौड़ में दीपांशु 11वीं डी ने बाजी मारी,100 मीटर में नितेश 10 वीं बी ने बाजी मारी। रस्साकसी में जैस्मिन हाऊस के बच्चों ने अपना परचम लहराया।


**महम।** रस्साकशी प्रतियोगिता के दौरान जोर आजमाइश करते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*


**महम।** वार्षिक खेलों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### बेस्ट एथलीट का अवार्ड नितेश को मिला

प्रतियोगिता में रघुविंद्र सिंह मल्हान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है साथ ही उनमें आपस में सहयोग, निर्णय लेने की क्षमता व नेतृत्व का गुण भी विकसित होता है। इस प्रतियोगिता में सीनियर विंग में लोटस हाउस पहले व रोज हाऊस दूसरे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट का अवार्ड नितेश 10वीं बी व दीपांशु 11वीं डी व लड़कियों में आयशा 12वीं ए को प्राप्त हुआ। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा, स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, हाऊस कोर्डिनेटर सतीश जांगड़ा, कोर्डिनेटर गीता गिरिधर, सभी हाऊस इंचार्ज व सभी स्टाफ सदस्यों के साथ समस्त विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे।

# कौशल और करियर का नया क्षितिज, राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा : प्राचार्य संदीप नैन

■ विद्यार्थियों ने मैरी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सांपला का शैक्षणिक दौरा की सीखा तकनीकी ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला के राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा के 34 विद्यार्थियों ने मैरी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, सांपला का शैक्षणिक दौरा किया। इस अध्ययन भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं, व्यावसायिक कौशलों तथा भविष्य में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराना था। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संस्थान की संरचना, आधुनिक शिक्षण सुविधाओं एवं तकनीकी संसाधनों का विस्तृत परिचय कराया। छात्रों को विभिन्न विभागों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा तकनीकी प्रयोगों से जुड़े उपकरणों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। कॉलेज के विशेषज्ञों ने कौशल आधारित शिक्षा के बढ़ते महत्व, उद्योग की बदलती जरूरतों तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज के समय में तकनीकी दक्षता, व्यवहारिक ज्ञान और समस्या समाधान क्षमता छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही हैं। इससे छात्रों में आत्मविश्वास, जागरूकता और व्यावसायिक दृष्टिकोण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।


रोहतक। छात्रों को संबोधित करते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### प्राचार्य ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

विद्यालय के प्राचार्य संदीप नैन ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा विद्यार्थियों को बेहतर करियर निर्माण और रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करने का मजबूत आधार उपलब्ध कराता है। उन्होंने छात्रों को अवसरों की पहचान कर अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस पूरे दौरे में प्राध्यापक अरुण कुमार, नरेंद्र, कोमल और निशा निरंतर विद्यार्थियों के साथ रहे और उन्होंने भ्रमण को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैरी कॉलेज की ओर से डायरेक्टर उमेश गुप्ता, फ़ैकल्टी मनोज बंसल, मृणाल और पायल ने छात्रों का स्वागत कर उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक और कौशल आधारित गतिविधियों से अवगत कराया।

# पूर्व सांसद ने बीजेपी सरकार पर संचार साथी एप के जरिए जासूसी कराने का लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने बीजेपी सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने मोबाइल फोन में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करने के सरकार के आदेश पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस एप के जरिए सरकार पर जासूसी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह कदम आमजन की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है। दरअसल सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का ताजा आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है।

बृजेंद्र सिंह मंगलवार को कलानौर विधानसभा क्षेत्र में सद्भाव यात्रा के तहत जनसंपर्क कर रहे थे। इस यात्रा की शुरूआत सुंडाना गांव से हुई। इसके बाद यह यात्रा काहनौर, निगाना व कलानौर कस्बे में पहुंची। यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह डूमरखां ने भी अपनी बात रखी। इस बीच बृजेंद्र सिंह ने सद्भाव यात्रा को कुछ समय के लिए छोड़कर अपने स्कूल के सहपाठी एवं उद्योगपति सचिन कपूर के पिता नरेश चंद्र कपूर के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।


**रोहतक।** पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह सद्भाव यात्रा के दौरान जनसंपर्क करते ।

### जनसंपर्क के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजकुमार भाली, डा. संदीप कटारिया, महाबीर चेयरमैन, उमेद सिंह, हरि राम, एडवोकेट अमित काजल, सुशील धानक व चरखी दादरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू मान प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। सुबह के समय सद्भाव यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने छोटूराम चौक स्थित नीली कोठी जाकर बृजेंद्र सिंह से मुलाकात भी की। उन्होंने बीजेपी विधायक रामकुमार गौतम व राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा की ओर से हाल में दिए गए बयानों की आलोचना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह डूमरखां ने 3 दिसंबर व 4 दिसंबर को सद्भाव यात्रा महम विधानसभा क्षेत्र में रहेगी।

## डॉ. मंगल सैन के आदर्श आज भी प्रासंगिकः कुलपति

# असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे डॉ. मंगल सैन

मदवि में पुण्यतिथि पर हुई विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि डॉ. मंगल सैन एक विचार है जो सदा रहेगा। उनका सम्पूर्ण जीवन समाजसेवा, निष्ठा और नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने यह बात स्वराज सदन में डॉ. मंगल सैन की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में कही। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की डॉ. मंगल सैन शोध पीठ के तत्वावधान में आयोजित इस गोष्ठी में डॉ. मंगल सैन के व्यक्तित्व, कृतित्व, सामाजिक व राजनीतिक चिंतन पर विस्तृत चर्चा की गई। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि डॉ. मंगल सैन असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक दूरदर्शी चिंतक, कुशल संगठक और समाज तथा राष्ट्र के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत रहने वाले विद्वान थे। उनके जीवन और चिंतन से समाज सेवा, नैतिक मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों की अनूठी सीख मिलती है। डॉ. मंगल सैन शोध पीठ के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध पीठ का उद्देश्य डॉ. मंगल सैन के विचारों और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। यह शोध पीठ उनकी स्मृतियों और आदर्शों को शोध व शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



**रोहतक।** स्वराज सदन में डॉ. मंगल सैन की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत,शोध पीठ के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमा,बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मुंजाल व प्रो. हरीश दुरेजा व शहर के प्रबुद्धजन।

### सादगी की मूरत थे

बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मुंजाल ने कहा कि डॉ. मंगल सैन सादगी की मूरत थे, जिन्होंने ऊँचाइयों को छूकर भी सरल जीवन जिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. रवि प्रभात ने किया। इस अवसर पर प्रो. हरीश दुरेजा, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. प्रमोद भारद्वाज, प्रो. सपना गर्ग, प्रो. सुनीता सैनी, प्रो. बलबीर आचार्य, प्रो. नरेश मिश्र, प्रो. जे एस हुड्डा, डॉ. श्रीभगवान, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. कपिल मल्होत्रा, डॉ. अंजलि दुहन , डॉ. मनोज कुमार, डॉ. हरिमोहन, शोध पीठ के सलाहकार सोमनाथ शर्मा, हरिओम सहित शोधार्थी, विद्यार्थी और शहर के प्रबुद्धजन शामिल हुए डॉ. मंगल सैन की सादगी, सामाजिक योगदान और जनसेवा की विरासत को याद किया।

## शिकायतों के बाद भी नहीं हो रहा सीवर जाम का समाधान, अधिकारी बने बेपरवाह

# शहर में जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो, आमजन परेशान

**बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पास लगातार चार दिनों से सीवर ओवरफ्लो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पास लगातार चार दिनों से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे सड़क पर दूषित पानी जमा है। इससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यही हाल पुरानी आईटीआई रोड, कई अन्य कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर भी देखने को मिल रहा है।

बार-बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। शहर में कई जगहों पर सीवर लाइनें जाम होने से पानी सड़क पर फैल रहा है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पास सीवर ओवरफ्लो से हमेशा की तरह बदबू फैल रही है। लोग मास्क लगाकर गुजरने को मजबूर हैं। पुरानी आईटीआई रोड पर पिछले चार दिनों से सड़क के बीचों-बीच दूषित पानी भरा होने से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। कई बार आने-जाने वाले वाहन चालक फिसलकर गिर भी चुके हैं। दूषित पानी के जमा होने से मच्छर, मक्खियों और अन्य कीटों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि कई बार निगम में शिकायत करने के बावजूद सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। फिलहाल यह समस्या रामगोपाल कालोनी, कबीर कॉलोनी, तिलक नगर, सुभाष नगर, लक्ष्मी नगर, आजादगढ़ और प्रेम नगर में भी यह समस्या बनी हुई है। लोगों को वहां से निकलने में दिक्कत तो बनी हुई है साथ के साथ बीमार होने का डर भी बना हुआ है। शिकायतों के बाद भी न तो सीवर की नियमित सफाई हो रही है और न ही पाइपलाइन की जांच। सिर्फ जेटिंग मशीन भेजकर अस्थायी राहत दी जाती है। भारी बारिश या सीवर प्रेशर बढ़ते ही समस्या फिर सामने आ जाती है।



रोहतक। शहर में जगह-जगह इसी तरह सीवर जाम होने से फैली है गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### लोगों ने बताया अपना दर्द

▶▶ हम पिछले एक सप्ताह से सीवर ओवरफ्लो झेल रहे हैं। बदबू इतनी ज्यादा है कि खिड़कियां तक नहीं खोल सकते। रोजाना शिकायत कर रहे हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है। - अजय कुमार

▶▶ दुकानों के सामने गंदा पानी जमा है। ग्राहक आना बंद हो गए हैं। व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। निगम की लापरवाही से हम ही परेशान हो रहे हैं। - पायल

▶▶ आईटीआई रोड पर चार दिनों से गंदा पानी भरा है। बस स्टॉप तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। पैदल चलना तो दूर, बाइक भी नहीं चला सकते। कई लोगों का संतुलन बिगड़ चुका है। - दीपक

▶▶ कॉलेज आते-जाते इस रास्ते से गुजरना मजबूरी है। बदबू और गंदगी से स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। नगर निगम को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। - जयवीर

## अम्बेडकर चौक पर रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने लिया हिस्सा



रोहतक। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते संत सुखा शाह एवं समाजसेवी राजेश जैन । फोटो : हरिभूमि

रोहतक। गुरुदेव बावा प्रेम दास महाराज के आशीर्वाद से अम्बेडकर चौक पर स्वर्गीय माता सुशीला देवी जैन की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत सूखा शाह महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन पहुंचे। पीजीआई रोहतक ब्लड बैंक की टीम की उपस्थिति में पहले दिन 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। समाजसेवी राजेश जैन ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की और इसे मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य बताया। संत सूखा शाह महाराज और राजेश जैन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र, बैज और हेलमेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव शाम सुन्दर, राजीव जैन, सनी निजावन, डॉ. रवि रंगा, प्रीति रेडक्रॉस, मीनू सिंह समेत कई समाजसेवी मौजूद रहे।

## 137 लोगों ने किया रक्तदान

सांपला। कुलताना मार्ग पर स्थित एस एफ एस कंपनी की तरफ से मंगलवार को 13 वां रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 137 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सभी रक्तदाताओं को मैनेजर दिपमं ज्योति बोरा और विनोद बंसल ने सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है रक्त की दो बूंद किसी अंजान व्यक्ति को नई जिंदगी दे सकती है। इसके अलावा मोहित चौधरी, प्रशांत, प्रवीण, सोमदत्त, वरुण चौपड़ा का भी सहयोग रहा।



## अब प्रतिदिन चलेगा जागरुकता अभियान, विद्यालयों में स्वच्छता सभा व बाजारों में होंगे नुक्कड़ नाटक

■ कार्यक्रमों के तहत छात्रों को सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा मंगलवार को हिसार रोड, गांधी नगर तथा माडल टाउन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के तहत छात्रों को सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ दिलाई गई और उन्हें स्वच्छ तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को गीले सूखे कचरे के पृथक्करण, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बच्चे स्वच्छता संदेश के सबसे प्रभावी दूत होते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ रोहतक का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक बच्चे, युवा और वयस्क समर्पित भाव से स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें। नगर निगम व एल.पी.एस. बोसार्ड द्वारा बच्चो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वचछता के बारे हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस प्रतियोगिता में निगम क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कुल 957 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को उनकी कक्षा एवं आयु के आधार पर 5 अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को गिफ्ट, रिफ्रेशमेंट, मेडल एवं भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की लेखन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना भी था, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वच्छ, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। नगर निगम का यह प्रयास स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



रोहतक। स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार : कन्हेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने आरोप लगाया कि



लाखनमाजरा व झज्जर में हुई बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा दोनो मामलो में अपना पल्ला झाड़ना और क्लीन चिट देना सरकार के लिए बड़े शर्म की बात है। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों का सरकार से भरोसा उठ गया है। उन्होंने कहा कि नेशनल खिलाड़ियों की हुई मौत ने सरकार की खेल नीति की पोल खोल दी है। साथ ही उन्होंने खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार करने का भी आरोप लगाया। मंगलवार को यहां जारी बयान में इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि एक तरफ सरकार बड़े बड़े दावे कर रही है। खिलाड़ियों के लिए करोड़ों रुपये बजट दिया गया, वहीं धरातल पर खेल स्टेडियम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लचर व्यवस्था के कारण ही खिलाड़ियों को अपनी जान देनी पड़ रही है और सरकार लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कारवाई करने की बजाए क्लीन चिट दे रही है। उन्होंने खिलाड़ियों के मौत के मामले की उच्च स्तरीय जांच, परिवार को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपये आर्थिक मदद देने की मांग की। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला तो इनेलो पार्टी सड़क पर उतरने पर मजबूर होगी।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा की वार्षिक सभा 14 को

रोहतक। संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा की वार्षिक आम सभा 14 दिसंबर 2025, रविवार सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर, तेज कॉलोनी, नजदीक पाड़ा मोहल्ला रोहतक में किया जाएगा। महासभा ने सभी आजीवन सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है।

महासचिव सत्यवीर सिंह बाहमणिया ने बताया कि यह बैठक अत्यंत जरूरी है और इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में 1 अप्रैल 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक की लेखा-जोखा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही संत शिरोमणि गुरु रविदास के आगामी जन्म उत्सव की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, इसलिए आगे की प्रक्रिया और नई कार्यकारिणी के गठन पर भी विचार किया जाएगा।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय लेन-देन के प्रति किया जागरूक

रोहतक। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय प्रणाली की मूलभूत जानकारियों से अवगत कराने तथा सुरक्षित एवं समझदारीपूर्ण तरीक़े से करने के लिए मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के चंडीगढ़ स्थित कार्यालय द्वारा गांव लाखनमाजरा में फील्ड-स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी कंवल किशन ने महिलाओं को कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना, सरकारी योजनाओं के लाभों से अवगत कराना और उन्हें बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक महावीर प्रसाद ने सरल भाषा में बैंकों से दिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के ऋणों के बारे में जानकारी दी। सभा का संचालन आरोह फाउंडेशन की प्रियंका ने किया। इस अवसर पर आरोह फाउंडेशन की वित्तीय सलाहकार पिंकी शर्मा, प्रतिनिधि करिश्मा एवं कपिल सैनी, स्वयं सहायता समूह संचालिका संगीता भी उपस्थित रही।

**श्रद्धांजलि** पूर्व उप मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए

# डॉ. मंगलसेन का जीवन सादगी, कर्मठता और समर्पण का जीवंत उदाहरण : ढाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंगलकमल में प्रदेश के पहले उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगलसेन की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में डॉ मंगलसेन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा भाव से मनाई गई। ढाका ने कहा कि डॉ. मंगलसेन ने संघ में रहते हुए प्रचारक तक का कार्य किया। उनका एक सपना था कि जम्मू कश्मीर से धारा 35 ए और धारा 370 जल्द से जल्द हटाई जाए जो अब पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर से धारा 35ए और 370 हटा दी गई है।

एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि डॉ. मंगलसेन का 63 साल की उम्र में 2 दिसंबर 1990 को देहांत हो गया था। उनका जन्म 27 अक्टूबर 1927 को हुआ था। वो छात्र जीवन से ही आरएसएस से जुड़े थे और प्रचारक के पद तक उन्होंने संघ की सेवा की। डॉ. मंगलसेन ने अपने जीवनकाल में 9 बार विधानसभा का चुनाव लड़ा और वो 7 बार विधायक बने। वो प्रदेश के पहले उप मुख्यमंत्री भी बने। जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया इस अवसर पर कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, वीर सिंह हुड्डा, दीपक हुड्डा, अभिनंदन शर्मा, विजय आर्य, प्रतिभा सुमन, सुखबीर चंदेलिया, अशोक वर्मा, देवेंद्र सिंह, राहुल बालंद, देवराज सांपला, अमित बंसल व एडवोकेट अंकुश उपस्थित रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## खबर संक्षेप



### केवीएम नर्सिंग कॉलेज में आईवीएफ पर सेमिनार


रोहतक। केवीएम नर्सिंग कॉलेज में आईवीएफ विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा यादव ने भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को आईवीएफ तकनीक की विस्तृत एवं सरल जानकारी दी और बताया कि यह तकनीक उन दंपतियों के लिए वरदान है, जिन्हें प्राकृतिक रूप से संतान प्राप्त करने में कठिनाई होती है। डॉ. रेखा यादव ने बताया कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों की प्रगति के साथ आज हर मां-बाप बनने की आशा कर सकते हैं। उन्होंने आईवीएफ प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, इसकी सफलता के कारकों तथा इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं के अनेक सवालों का समाधान भी किया। सेमिनार में नर्सिंग छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से जुड़ी जानकारी को बड़े ध्यान से सुना। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के डायरेक्टर कर्मवीर मायना ने डॉ. रेखा यादव का धन्यवाद किया। वहीं प्रिंसिपल ज्योति शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सेमिनार में कॉलेज का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।



### रंगोली और लिप्पन कला में दिखाया कौशल

रोहतक। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में डिवीजन स्तरीय कला कार्यशाला के चौथे बैच (पानीपत और रोहतक डिवीजन) का दूसरा दिन उत्साह, रचनात्मकता और कलात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा। कार्यशाला में शामिल कला अध्यापकों ने अपनी प्रतिभा, समर्पण और निपुणता का परिचय देते हुए पारंपरिक और आधुनिक कला रूपों का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। दिन की प्रमुख गतिविधि चलायमान रंगोली रही। अध्यापकों ने रंगीन कागज, चार्ट और एमडीएफ बोर्ड का उपयोग करते हुए ऐसी आकर्षक रंगोलियां तैयार कीं, जिन्हें आवश्यकता अनुसार आसानी से स्थानांतरित किया जा सकता है। यह प्रस्तुति न केवल पारंपरिक भारतीय रंगोली की सुंदरता को दर्शाती है, बल्कि आधुनिक समय में उसकी उपयोगिता को भी सामने लाती है। इसी क्रम में गुजरात की प्रसिद्ध लिप्पन कला में भी अध्यापकों ने अत्यंत मनमोहक और रचनात्मक कार्य किया। मिट्टी और शीशों के संयोजन से बनाई गई इन कलाकृतियों ने भारतीय शिल्पकला की समृद्ध विरासत को उजागर किया। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. सुनीता अहलावत ने सभी गतिविधियों का निरीक्षण कर अध्यापकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने चलायमान रंगोली और लिप्पन कला में किए गए नवीन प्रयोगों की विशेष प्रशंसा की।

### एमडीयू की महिला टेनिस टीम सेमीफाइनल में



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की महिला टेनिस टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। टीम ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर को कड़े संघर्ष में 2-1 से पराजित किया। डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम को जीत की शुभकामनाएं देते हुए सेमीफाइनल में बेहतर प्रदर्शन की आशा जताई। एमडीयू टेनिस टीम के कोच श्रवण कुमार ने बताया कि खिलाड़ी पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ उतरे हैं और लक्ष्य फाइनल जीतने का है।



### स्वयंसेवकों ने अजायब में निकाली जागरुकता रैली

महम। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए सात दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया गया है। इस शिविर के तहत विद्यार्थियों ने मदीना गांव में साफ सफाई के लिए जागरूकता रैली निकाली थी। उसके स्वयंसेवकों को दांतों की देखभाल के लिए चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण टिप्स दिए थे। शिविर के पांचवें दिन एनएसएस स्वयंसवकों ने अजायब गांव में एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने किसानों से पराली न जलाने और उसका सही तरीके से प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया। आर्य स्कूल मदीना के परिसर में मासिक हवन आयोजित किया गया। इस हवन में भी स्वयंसेवकों ने भाग लिया और क्षेत्र की सुख समृद्धि व शांति के लिए हवन में आहुति डाली। इस दौरान करतार शास्त्री ने वेदों और मंत्रों का महत्व बताया। प्रिंसिपल अशोक दांगी ने विद्यार्थियों को सेवा, संस्कार सदभाव का संदेश दिया। कहा कि हवन से विद्यालय में शांत, सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल उत्पन्न होता है। साथ ही विद्यार्थियों में सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों की समझ पैदा होती है।



### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर निकाली रैली

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज (सीडीएस) द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक संवेदनशील भूमिका निभाए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता तथा वित्तीय स्वतंत्रता के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा चलाया जा रहा डेफेटेरिया फूड ट्रक स्टार्टअप उनके आर्थिक सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण है। कार्यक्रम के तहत सीडीएस के विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली शॉर्ट प्ले प्रस्तुत किया। सीडीएस की निदेशक प्रो. प्रतिमा देवी ने बताया कि केंद्र द्वारा शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देकर दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बहुआयामी पहल की जा रही हैं।